प्रभात खबर

छापेमारी में नकली पुस्तक बरामद, प्राथमिकी

पटना सिटी. सुल्तानगंज थाना पुलिस ने शाहगंज स्थित एक प्रिटिंग प्रेस में छापेमारी कर नकली पुस्तक बरामद किया है. बरामद पुस्तक पर पब्लिकेशन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है. पुलिस ने बताया कि खंजाची रोड स्थित एक पब्लिकेशन कंपनी के प्रतिनिधि ने पुलिस को सूचना दी थी कि कंपनी के नाम पर नकली पुस्तक की छपाई वाइंडिग का कार्य शाहगंज स्थित प्रीटिंग प्रेस में हो रहा है. इसी सूचना के आलोक मेंकारखाना में छापेमारी की. छापेमारी में पुलिस ने खास प्रतियोगिता परीक्षा से जुड़े पुस्तक और मॉडल प्रश्नपत्र बरामद किया. सुल्तानगंज थाना पुलिस ने बताया कि खजांची रोड के पब्लिकेशर सिद्धेश्वर ओझा ने प्राथमिकी दर्ज करायी है. आशीष कुमार को आरोपी बनाया है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/patna/fake-books-recovered-in-the-raid-fir-registered/amp